# हिंदुओं के सबसे बड़े गुनाहगार पाकिस्तानी मौलवी को इमरान ने बनाया पहरेदार

नतमस्तक

## धर्म परिवर्तन कानून को लेकर बैठक में शामिल मियां मिट्ठू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। नया पाकिस्तान बनाने का वादा करके सत्ता में आई इमरान सरकार मुस्लिम कट्टरपंथियों के सामने नतमस्तक हो गई है। इमरान खान सरकार ने पाकिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ धर्म परिवर्तन की फेक्ट्री चलाने वाले कुख्यात मौलवी मियां मिट्ठू को ही प्रस्तावित जबरन धर्मांतरण विरोधी कानून में हिस्सा लेने के लिए न्योता दे डाला है। अल्पसंख्यकों के इस सबसे दुश्मन को बुलाए जाने से स्थानीय हिंदू और ईसाई समुदाय काफी नाराज है।

पाकिस्तान की इस्लामिक विचारधारा परिषद ने मियां मिट्ठू को यह न्योता दिया है। पाकिस्तान अब हिंदू बच्चियों का जबरन धर्मांतरण कराने वाले कुख्यात मौलवी से ही यह राय लेगा कि इसे कैसे रोका जाए। उधर, पाकिस्तान के कट्टरपंथी इस प्रस्तावित कानून का कड़ा विरोध कर रहे हैं। इस कानून में कहा गया है कि केवल वयस्क व्यक्ति



ही धर्म परिवर्तन कर सकेंगे। पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर कट्टरपंथी इस कानून का सोशल मीडिया में विरोध कर रहे हैं।

पाकिस्तान में इस्लाम मुखालिफ बिल ना मंजूर हैशटैग ट्रेंड कर रहा है। वहीं हिंदू तथा ईसाई अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। इस कानून को बढ़ाने वाले ईसाई नेता नावीद आमिर जीवा हैं। कट्टरपंथियों की धमकी के बाद भी नाविद पूरी ताकत से बिल के समर्थन में खड़े हुए हैं। हालांकि अब मियां मिट्ठू जैसे धर्म परिवर्तन की फैक्ट्री चलाने वाले कुख्यात मौलवी को बुलाए जाने से इमरान सरकार की मंशा पर ही सवाल उठने लगे हैं।

**मुस्लिम बनाने के लिए फैक्ट्री चला रहा मियां मिट्ठू:** पाकिस्तान में जन्मे मानवाधिकार कार्यकर्ता राहत जॉन ऑस्टिन के मुताबिक पाकिस्तान में सभी लोगों को समान अधिकार देकर रियासत–ए–मदीना बनाने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री इमरान खान मुस्लिम कट्टरपंथियों के आगे पूरी तरह से नतमस्तक हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन के इस खेल को बेहद सुनियोजित तरीके से पाकिस्तान सरकार चला रही है। पाकिस्तान सरकार कट्टरपंथियों को आर्थिक, कानूनी और प्रशासनिक मदद देती है। सिंध प्रांत में धर्म परिवर्तन और मासूम बच्चियों के निकाह की इस फैक्ट्री को मौलवी मिट्ठू मियां या पीर अब्दुल हक आका चलाता है जो घोटकी में भारचुंडी दरगाह में रहता है। पाकिस्तान के इस इलाके और इसके आस–पास के इलाकों में से अगर कोई भी लड़की इस्लाम कबूल करती है तो वह मिट्ठू मियां के पास पहुंच जाती है। मिट्ठू मियां बच्चियों का धर्म परिवर्तन कराता है और उनका निकाह करवा देता है।

**मिट्ठू मियां पर इमरान और सेना का हाथः** ऑस्टिन कहते हैं कि मिट्ठू मियां के रसूख का अंजादा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान उसे अपना प्रेरणास्रोत बताते हैं। पाकिस्तान में सबसे शक्तिशाली कहे जानी वाली सेना के प्रमुख कमर जावेद बाजवा खुद उससे मिलने जाते हैं और उसे पैसे देते हैं।

## न्यूज डायरी



### लाइव टीवी पर कुत्ते ने बीबीसी की पत्रकार को घसीटा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। अक्सर लाइव टीवी पर अजीबोगरीब घटनाएं रेकॉर्ड हो जाती हैं और उस एक पल का वीडियो पूरी घटना से ज्यादा वायरल हो जाता है। बीबीसी की मौसम पत्रकार Carol Kirkwood का रिपोर्टिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें वह मौसम अपडेट देने के बजाय एक कुत्ते के साथ खेलते नजर आ रही हैं। अचानक कुत्ता भागता है और उसके पीछे–पीछे कैरल भी खिंची चली जाती है। यह देख स्टूडियो में बैठे होस्ट और खुद कैरल हंसने लगते हैं। इसका वीडियो खुद बीबीसी ने शेयर किया। मौसम पत्रकार कैरल का कहना है कि लाइव टीवी पर एक कुत्ते द्वारा गिराए जाने के बाद वह ठीक हैं। सोमवार को एक भटका हुआ गाइड डॉग भी उनके प्रोग्राम का हिस्सा बना। कैरल घुटनों पर बैठकर चेल्सी फ्लावर शो में एक गाइड डॉग से खेल रही थीं। तभी लैब्राडोर कुत्ता मैदान की ओर भागने लगा। कैरल उसका पट्टा पकड़े हुई थीं जिस वजह से वह कुत्ते के साथ–साथ खिंची चली गईं और लाइव टीवी पर गिर गईं।

### पाकिस्तान को लेकर आपस में भिड़े हक्कानी और याकूब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में इस्लामिक अमीरात सरकार में पाकिस्तान को लेकर बवाल मचा हुआ है। दो फाड़ हो चुके तालिबान के एक गुट ने काबुल में डेरा जमाया हुआ है, जबकि दूसरे ने कंधार से कमान संभाली है। इसमें कंधारी धड़े का नेतृत्व तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे और वर्तमान रक्षामंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब ओमारी कर रहा है। जबकि, काबुल में हक्कानी नेटवर्क का अमीर–उल–मोमीन या सर्वोच्च नेता सिराजुद्दीन हक्कानी गद्दी पर कब्जा कर बैठा हुआ है। तालिबान में मचे बवाल के बीच सर्वोच्च नेता हैबतुल्लाह अखुंजदाजा की गैर मौजूदगी से कई गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि हक्कानी गुट ने तालिबान सरकार में उप प्रधानमंत्री बने मुल्ला अब्दुल गनी बरादर का अपहरण कर लिया है। वहीं, काबुल पर नजर रखने वाले कई विशेषज्ञ दावा कर रहे हैं कि मुल्ला बरादर जिसने अमेरिका के साथ शांति वार्ता पर बातचीत की थी, वह कंधार में नाराज होकर बैठे हुए हैं।

### शिकारी को जंगल में दिखा रहस्यमयी जीव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। हम सभी ने बचपन में एक रहस्यमयी जीव के बारे में कई कहानियां सुनी हैं जो जंगल और बर्फीले पहाड़ों पर रहता था। कई बार इस हिममानव तो कई बार येती के नाम से हम सभी ने पहचाना। हालांकि इसके अस्तित्व के संबंध में कोई पुख्ता सबूत न होने के कारण यह जीव ज्यादातर लोगों के लिए सिर्फ कहानियों का हिस्सा बनकर रह गया। लेकिन समय–समय पर इसे लेकर दावे भी किए जाते रहे हैं। अब एक अमेरिकी शिकारी ने रहस्यमयी जानवरों को देखने का दावा किया है जो काफी हद तक बिगफुट जैसे दिखता है। शिकारी का कहना है कि वह अपने दोस्त के साथ शिकार पर गया था जहां उसने इन जानवरों को देखा।

### भारत के वैक्सीन का निर्यात फिर से शुरू करने के फैसले पर अमेरिका ने जताई खुशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने 'कोवैक्स पहल के तहत अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कोरोना वैक्सीन की निर्यात दोबारा शुरू करने के भारत के फैसले का स्वागत किया है। भारत के स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को कहा कि देश COVAX ग्लोबल पूल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के तहत इस साल की चौथी तिमाही में कोविड–19 टीकों का निर्यात फिर से शुरू करेगा। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि अपने देश के नागरिकों का टीकाकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। COVAX का सह–नेतृत्व Gavi] द कोएलिशन फार एपिडेमिक प्रिपेयर्डनेस इनोवेशन और WHO द्वारा किया जाता है। मीक्स ने न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख को टैग करते हुए ट्वीट किया कि दुनिया के अग्रणी वैक्सीन निर्माता के रूप में, इस महामारी को हराने के लिए भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## क्वॉड बैठक में बनेगा चीन को चौतरफा घेरने का मास्टरप्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। हिंद–प्रशांत क्षेत्र में चीनी ड्रैगन की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी शुक्रवार को अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे।

पीएम मोदी की बाइडन से यह मुलाकात ऐसे समय पर हो रही है जब अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया के साथ परमाणु पनडुब्बी और टॉमहॉल्क मिसाइलों का ऐतिहासिक ऑकस समझौता किया है। अमेरिका, ब्रिटेन ने ड्रैगन की आक्रामकता पर लगाम लगाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ समझौता किया है। अब बाइडन– पीएम मोदी और क्वॉड देशों के अन्य नेताओं के साथ बैठक के दौरान चीन पर वज्रपात करने के महाप्लान को अमलीजामा पहनाया जा सकता है। भारत के लिए यह मुलाकात आर्थिक और रक्षा संबंधों के लिहाज से बेहद अहम साबित होने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति के साप्ताहिक कार्यक्रम के अनुसार 24 सितंबर, शुक्रवार को ही बाइडन प्रधानमंत्री मोदी, जापानी पीएम सुगा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन के साथ वाइट हाउस में पहली बार व्यक्तिगत रूप से क्वॉड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करेंगे। माना जा रहा है कि ये नेता चीन के खिलाफ अपने संसाधनों को एकजुट करके एक–दूसरे की मदद करने पर चर्चा करेंगे।



जुड़वा बहनों को मिला जिंदा रहने का इनाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोक्यो। जापान की दो जुड़वा बहनों ने एक वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया है। हालांकि इसके लिए इन्हें कोई करतब या हैरतअंगेज काम नहीं करना पड़ा। इन बहनों की उम्र 107 साल है और यही इनकी उपलब्धि है। दुनिया में सबसे बुजुर्ग जीवित जुड़वा होने के लिए गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्स ने इन्हें प्रमाणित किया है। जापान के Aged Day वाले दिन इस रेकॉर्ड की घोषणा की गई। बुजुर्गों के सम्मान में जापान श्वृद्ध दिवसश मनाता है और इस दिन राष्ट्रीय अवकाश होता है।

## सना रामचंद बनीं पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला अधिकारी, पास की सिविल परीक्षा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक हिंदू लड़की डॉ सना रामचंद गुलवानी ने इतिहास रच दिया है। सना पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला सरकारी अधिकारी बनने जा रही हैं। सना ने पाकिस्तान का प्रतिष्ठित पब्लिक सर्विस एग्जाम Central Superior Services दिया और पहले ही प्रयास में उन्हें कामयाबी हासिल हुई। इस परीक्षा को पाकिस्तान की सबसे मुश्किल परीक्षाओं में से एक माना जाता है।

प्रशासनिक सेवा में चयन एग्जाम के रिजल्ट के आधार पर होता है। यह सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन ऑफ इंडिया की तरह ही है, जिसका आयोजन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा किया जाता है। हालांकि करियर को लेकर सना की शुरुआती योजना कुछ और थी। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि उसके माता–पिता चाहते थे कि वह मेडिकल के क्षेत्र में अपना करियर बनाएं। साल 2016 में सना ने शहीद मोहतरमा बेनजीर भुट्टो मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की।

### डॉक्टरी छोड़ बनीं सरकारी अधिकारी

अस्पताल की हालत बेहद खराब उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई न्तवसवहपेज के रूप में जारी रखी और बाद में संघीय लोक सेवा आयोग में चयनित हो गईं। सना के हवाले से द टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा, जब मैंने अपनी ट्रेनिंग शुरू की तो कुछ महीने के लिए मेरी पोस्टिंग शिकारपुर के लखी के तालुका अस्पताल में महिला चिकित्सा अधिकारी के रूप में हुई। सिंध के ग्रामीण इलाकों में सामुदायिक स्वास्थ्य की स्थिति बेहद खराब है।

उन्होंने कहा, मैं हर रोज मरीजों को देखती थी लेकिन न ही उन्हें देने के लिए दवाइयां उपलब्ध थीं और न ही उन्हें भर्ती करने की व्यवस्था थी। यहां तक की कुछ मामूली दवाइयां जैसे टिटनेस और एंटी–रेबीज की भी कमी थी। इस तरह की व्यवस्था ने मेरे मन में सरकारी अस्पताल के उद्देश्य को लेकर सवाल खड़े किए।

## अमेरिका यात्रा के लिए कोविशील्ड वैक्सीन को मिली मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। भारत दूसरे देशों के लिए मदद का हाथ बढ़ा रहा है, वहीं विदेश से आने वाले यात्रियों को लेकर अमेरिका ने नए बदलाव किए हैं। अमेरिका ने नए इंटरनेशनल ट्रैवेल सिस्टम का ऐलान किया है, जिसके तहत केवल पूरी तरह से वैक्सीनेटेड लोगों को ही अमेरिका में नवंबर से एंट्री मिलेगी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना महामारी की शुरुआत में विदेशी यात्रियों को अमेरिका में प्रवेश करने से रोक लगाई थी, अब राष्ट्रपति बाइडन की नई नीति से भारत जैसे देश के लोगों को यात्रा संबंधी पाबंदी से निजात मिल गई है। भारत उन 33 देशों में शामिल है, जहां से पूरी तरह से टीका लगाए गए यात्रियों को प्रवेश करने की अनुमति होगी। अमेरिका नवंबर से जर्मनी, इटली, स्पेन, स्विटजरलैंड, फ्रांस और भारत के साथ–साथ ब्रिटेन, आयरलैंड, ग्रीस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान और ब्राजील सहित यूरोप के 26 शेंगेन देशों के पूरी तरह से वैक्सीनेटेड लोगों को ही हवाई यात्रा की अनुमति देगा।